कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास

बिहार सरकार

(सामान्य शाखा)

–: विज्ञापन सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला मधुबनी के फुलपरास अनुमंडल अन्तर्गत प्रखण्ड फुलपरास के सिसवार ग्राम पंचायत में विकास मित्र का पद रिक्त है। रिक्त सृजित एवं स्वीकृत पद के विरूद्ध नियोजन हेतु जिला पदाधिकारी, मधुबनी के पत्रांक– 220/जि0क0, दिनांक– 29.01.2025 एवं बिहार महादलित विकास मिशन, बिहार, पटना के पत्रांक 838 दिनांक– 20.04.2022 द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में विकास मित्र का चयन किया जाना है। इन पंचायत में महादलित जातियों में सर्वाधिक बहुलता प्राप्त वह जाति जो पूर्व के सर्वेक्षण 2010 में निर्धारित है, के आवासीत अभ्यार्थियों से दिनांक– 10.03.2025 से दिनांक– 25.03.2025 तक संबंधित प्रखण्ड मुख्यालय (फुलपरास) के कार्यालय कार्यावधि (11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराहन तक) (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) मे आवेदन पत्र लिया जाएगा। चयन हेतु अर्हता/योग्यता सबधी विशेष जानकारी एव आवेदन पत्र का प्रपत्र फुलपरास प्रखण्ड कार्यालय या मधुबनी जिला के वेबसाईट **https://madhubani.nic.in** पर उपलब्ध है।

विकास मित्र रिक्ती का विवरणी :–

क्र0	प्रखण्ड का नाम	पंचायत का नाम	रिक्ती	बहुलता प्राप्त जाति
1	फुलपरास	सिसवार	01	रविदास (अन्य)

चयन हेतु योग्यता

1. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक/समकक्ष/नन–मैट्रिक/08वीं0/05वीं उत्तीर्ण होगी।
2. महादलित आवेदक का उम्र दिनांक– 01.01.2025 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष होगी।
3. प्रत्येक पंचायत एवं कलस्टर में महादलित जाति की बहुलता पहले से निर्धारित है।
4. जाति बहुलता के अनुसार आवेदक महादलित (रविदास) जाति से होगा।
5. सिसवार ग्राम पंचायत मे विकास मित्र का चयन किया जाना है, वही के निवासी अर्थात सिसवार उत्तरी ग्राम पंचायत में निवास करने वाले (महिला/पुरूष दोनों) निवासियों से आवेदन प्राप्त किया जायेगा एंव चयन किया जायेगा।

चयन की गतिविधियॉ एवं समयावधि

क्र0	चयन संबंधी गतिविधि	समयावधि
1	प्रखण्ड में आवेदन प्राप्त करना	10.03.2025 से 25.03.2025 तक
2	मेघा सूची का प्रकाशन	27.03.2025
3	मेघा सूची का आपत्ति प्राप्त करना एवं निराकरण करना	28.03.2025 से 01.04.2025 तक
4	चयन सूची का प्रकाशन	04.04.2025
5	चयन पत्र वितरण, शपथ ग्रहण एवं प्रशिक्षण–सह–उन्नमूखीकरण	07.4.2025

रिक्त पद पर चयन मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन के पत्रांक– 1586 दिनांक– 02.09.2016 विकास मित्र चयन मार्गदर्शिका (पंचम चरण) एवं समय–समय पर निर्गत पत्र के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक मे किया जायेगा।

28/2/25

अनुमंडल पदाधिकारी,
फुलपरास।

Letter 2024-21P...